न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 46/2026 बउनवानी मुरारी लाल मीना बनाम तहसीलदार सवाईमाधोपुर
निवासी छारोदा तहसील सवाईमाधोपुर

Appeal Number- 321434189789302

GCMS No-2026/ 105

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
15.4.2026	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 25.2.2026 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर " *खातेदारी मनराज पुत्र भजन लाल मीना निवासी ग्राम मण्डावरा तहसील उनियारा जिला टोंक ने हल्का पटवारी छारोदा को नया खाता संख्या 10,11,63 मे रहननामा नामा0 की सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रति* "तहसीलदार सवाईमाधोपुर से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1) के तहत ऑन लाईन पोर्टल पर प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रेषित की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांक/एफ./आरटीआई/4/2026/31 दिनांक 6.4.2026 का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रार्थना पत्र दिनांक 25.2.2026 मे चाही गयी सूचना के संबंध में लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सवाईमाधोपुर द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से 16.3.2026 को अपीलान्ट को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है कि चाही गयी सूचना, राजस्व ग्रुप–6 विभाग राज0 सरकार की अधिसूचना दिनांक 30.5.2023 के तहत राजस्थान भू–राजस्व (भू0अ0) नियम,1957 के नियम 28 के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड से संबंधित नकलो हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की प्रकिया District Manual and Revenue Court Manual के तहत नकल का प्रावधान हैं। अतः अपीलान्ट का उक्त आवेदन पत्र खारिज कर अपीलान्ट को उक्त सूचना, नकल का आवेदन कर अथवा ऑन लाईन पब्लिक पोर्टल पर अपना खाता के जरिये भूमि रिकार्ड संबंधी सूचनाऐ प्राप्त करने के लिए लिखा जा चुका है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है,कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 25.2.2026 को प्रेषित प्रार्थना पत्र मे चाही गयी सूचना राजस्व रिकार्ड संबंधी होने के कारण उक्त सूचनाऐं District Manual and Revenue Court Manual के तहत नकल का आवेदन पत्र पेश करके अथवा ऑन लाईन पब्लिक पोर्टल पर अपना खाता के जरिये भूमि रिकार्ड संबंधी सूचनाऐ प्राप्त करने के लिए तहसीलदार सवाईमाधोपुर द्वारा अपीलान्ट को ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 16.3.2026 को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। ऐसी स्थिति मे अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। Sd/- (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

Scanned with OKEN Scanner